यूपी बनेगा चीनी का नम्बर वन राज्य

लखनऊ। उत्तर प्रदेश इस बार देश में चीनी के उत्पादन में नम्बर वन राज्य बनने की राह पर है। किसानों की मेहनत, गन्ने से चीनी की अच्छी रिकवरी देने वाली प्रजातियों के अपनानें में बढ़ रही किसानों की दिलचस्पी के चलते इस बार उत्तर प्रदेश में करीब 85 लाख कुन्तल चीनी के उत्पादन का अनुमान है।

इण्डियन शुगर मिल्स एसोसिएशन (इस्मा) यूपी के प्रवक्ता दीपक गुप्तारा ने बताया कि पिछले साल प्रदेश में 64.78 लाख कुन्तल चीनी का उत्पादन हुआ था।

इस बार महाराष्ट्र में महज 45 लाख कुन्तल चीनी उत्पादन का अनुमान है जबकि पिछले साल महाराष्ट्र ने 105 लाख कुंतल चीनी का उत्पादन किया था। श्री गुप्तारा के अनुसार अकेले यूपी सबसे अधिक 85 लाख कुन्तल चीनी बनाएगा। इस बार निजी चीनी मिलों ने अब तक 15234.60 करोड़ रुपये के गन्ना भुगतान में से 11893.84 करोड़ का भुगतान कर दिया है जो कि करीब 68.60% है। शेष 3340.76 करोड़ के भुगतान की प्रक्रिया जारी है। विसं

हिन्दुस्तान, लखनऊ – Tuesday, 07-March-2017